# भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)
6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

14 नवंबर 2024, गुरुवार

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा झारखंड के गिरिडीह, गाण्डेय और डुमरी में आयोजित जनसभाओं में दिए संबोधन के मुख्य बिंदु

**पहले चरण के मतदान से तय हो गया है कि झारखंड में जेएमएम – कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो रहा है और भाजपा आ रही है।**

********************

**JMM सरकार द्वारा प्रदेश की गरीब जनता से लूटी एक-एक पाई भाजपा सरकार वापस लाएगी और SIT का गठन कर भ्रष्टाचारियों को जेल भेजेगी।**

********************

**जिस कांग्रेस ने झारखंड के निर्माण की मांग कर रहे युवाओं पर गोलियां चलवाई, हेमंत सोरेन आज उसी कांग्रेस की गोद में बैठे हैं।**

********************

**JMM सरकार का ध्यान फैक्ट्री लगा या बिजली उत्पादन कर प्रदेश का विकास करने पर नहीं, बल्कि घुसपैठियों को बसाने पर है।**

********************

**हेमंत सोरेन सरकार ने घोटाले पर घोटाले करके झारखंड की जनता को गरीब बना दिया है।**

********************

**राहुल बाबा नाम का प्लेन 21वीं बार भी क्रैश होने वाला है और कांग्रेस की 5 सीटें भी नहीं आने वाली**

********************

**मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार प्रदेश से घुसपैठ को समाप्त कर सुरक्षित और समृद्ध झारखंड बनायेगी।**

********************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज गुरुवार को झारखंड के गिरिडीह, गाण्डेय और डुमरी में आयोजित विशाल जनसभाओं में संबोधित किया और सीएम हेमंत सोरेन सरकार की विफलताओं पर जबरदस्त हमला किया। श्री शाह ने कहा कि **भाजपा सरकार आने के बाद अगले 5 सालों में झारखंड को घुसपैठियों से सुरक्षित करेंगे और यहां की खनिज संपदा का बेहतर उपयोग कर झारखंड को समृद्धि की राह पर ले जाएंगे।** कार्यक्रम के दौरान मंच पर छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, भाजपा के राज्यसभा सांसद श्री दीपक प्रकाश, गिरिडीह से भाजपा प्रत्याशी श्री निर्भय कुमार शाहाबादी, गाण्डेय से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती मुनिया देवी सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

श्री शाह ने कहा कि झारखंड राज्य के गठन के समय में युवाओं ने संघर्ष किया एवं लोगों ने अपना सर्वस्व जीवन झारखंड राज्य के गठन के लिए समर्पित किया। हमारे नेता श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने झारखंड राज्य का गठन किया। **जिस कांग्रेस पार्टी ने झारखंड राज्य के गठन का विरोध किया, हेमंत सोरेन सत्ता की लालच में उसी झारखंड विरोधी कांग्रेस पार्टी की गोद में जा बैठे हैं।** भारतीय जनता पार्टी झारखंड की समृद्धि के लिए पूरी तरह समर्पित है, और आदरणीय प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के नेतृत्व में झारखंड के विकास को नई दिशा और गति दी जाएगी।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **छोटा नागपुर क्षेत्र की यह धरती सदैव झारखंड की ऊर्जा का केंद्र रही है।** इस भूमि के नीचे काला सोना, खदानें और अपार खनिज संपदा है, जो झारखंड को देश के सबसे समृद्ध राज्यों में शामिल करती हैं। **मगर, झारखंड की जनता आज भी गरीबी से त्रस्त है, क्योंकि हेमंत सोरेन की सरकार ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की जनकल्याणकारी योजनाओं को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया है।** झारखंड में भाजपा सरकार बनने पर युवाओं

को राज्य के भीतर ही रोजगार के अवसर मिलेंगे, जिससे उन्हें बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। हेमंत सोरेन का ध्यान राज्य में खनिज संसाधनों का उपयोग कर उद्योग, बिजली उत्पादन, इस्पात और एल्युमिनियम का उत्पादन करने पर नहीं, बल्कि वोटबैंक के लिए घुसपैठियों को राज्य में बसाने पर है। **झारखंड में घुसपैठिए बहन-बेटियों से दूसरी-तीसरी शादी कर उनकी जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं, जो झारखंड के लिए बहुत बड़ी समस्या बन गया है।** उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर **ऐसा कानून बनाया जाएगा कि हड़पी हुई जमीनों को उन घुसपैठियों से वापस लेकर उसका मालिकाना हक हमारी बेटियों को दिया जाएगा। झारखंड से न केवल घुसपैठियों को बाहर निकाला जाएगा, बल्कि राज्य की सीमा पर ऐसी सुरक्षा होगी कि आदमी तो दूर कोई परिंदा तक पर नहीं मार सकेगा।** हेमंत सोरेन का कार्यकाल अब समाप्ति की ओर है, और **भाजपा का साफ संदेश है कि घुसपैठ तुरंत बंद हो, अन्यथा एक-एक घुसपैठिए को चिह्नित कर झारखंड से बाहर निकाला जाएगा।**

श्री शाह ने कहा कि **कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और धारा 370 का हटना पूरी तरह सही निर्णय था, लेकिन राहुल गांधी इसे कश्मीर में दोबारा लागू करना चाहते हैं।** भारतीय जनता पार्टी गिरिडीह की भूमि से कांग्रेस को यह संदेश देना चाहती है कि राहुल गांधी की चार पीढ़ियां भी वापस आ जाए, तो धारा 370 को वापस नहीं ला सकतीं। **सोनिया-मनमोहन के 10 साल के शासन में पाकिस्तान से आए दिन आतंकवादी भारत में घुसपैठ कर हमले करते थे और फिर आसानी से भाग जाते थे**, मगर आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के शासनकाल में भारत अधिक सुरक्षित हुआ है। **उरी और पुलवामा हमलों के बाद आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकवाद का खात्मा कर स्पष्ट कर दिया कि अब आतंकियों के लिए भारत में कोई जगह नहीं है।** झारखंड लंबे समय तक नक्सलवाद की चपेट में रहा और नक्सलवादियों ने राज्य को बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। लेकिन **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 10 वर्षों के नेतृत्व में नक्सलवाद को काफी हद तक समाप्त किया गया है।** भाजपा छत्तीसगढ़ में भी नक्सलवाद के खिलाफ कड़े कदम उठा रही है और जल्द ही छत्तीसगढ़ से भी नक्सलवाद का खात्मा कर दिया जाएगा।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **कल पहले चरण का चुनाव संपन्न हुआ और इससे यह तय हो गया है कि झारखंड में भाजपा की सरकार बन रही है, जबकि जेएमएम और कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है।** झारखंड के आगामी चुनाव में जनता को भारतीय जनता पार्टी के विकास के पक्ष में और आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विश्वास पर बटन दबाना है।हेमंत सोरेन आदिवासियों और पिछड़े समाज का अपमान करते हैं। **जेएमएम और कांग्रेस ने सरकार बनने के बाद मुसलमानों को आरक्षण देने का फैसला किया है, लेकिन जब तक भाजपा का एक भी विधायक है, तब तक पिछड़ों का आरक्षण किसी को भी छीनने नहीं दिया जाएगा।** कांग्रेस और जेएमएम की गठबंधन वाली झारखंड सरकार घोटालेबाजों की सरकार है, **कांग्रेस नेता के घर से 350 करोड़ रुपये और झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम के पीए के घर से 35 करोड़ रुपये मिले हैं। यह पैसे झारखंड की जनता के हैं, जिसे हेमंत सोरेन सरकार ने लूटा है**, लेकिन एक बार राज्य में भाजपा की सरकार बन जाए, इन भ्रष्टाचारियों से एक-एक पाई वसूली जाएगी और वापस राज्य सरकार के खजाने में डाला जाएगा। **सोनिया गांधी ने "राहुल बाबा" नाम के प्लेन को 20 बार लैंड कराने का प्रयास किया और 20 बार ये प्लेन क्रैश हो गया। ये प्लेन, 20 बार क्रैश हो चुका हैं और 21वीं बार भी देवघर एयरपोर्ट पर ये प्लेन क्रैश होने वाला है।** हरियाणा में मिली करारी हार और जम्मू-कश्मीर में कम सीटों का सामना करने के बाद, राहुल गांधी झारखंड में भी 5 सीटों से आगे नहीं बढ़ पाएंगे।

श्री शाह ने कहा कि **केंद्र में कांग्रेस और जेएमएम की सरकार 10 साल तक रही, लेकिन झारखंड के विकास के लिए कांग्रेस सरकार ने मात्र 84,000 करोड़ रुपये प्रदान किए, जबकि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 10 वर्षों में झारखंड के विकास के लिए 3,90,000 करोड़ रुपये दिए।** यूपीए सरकार के तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह देश की अर्थव्यवस्था को 11वें स्थान पर छोड़कर गए थे, लेकिन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश का अर्थतंत्र 5वें स्थान पर पहुंच गया और 2027 तक यह तीसरे स्थान पर आ जाएगा। **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अपने दूसरे कार्यकाल के 5 वर्षों के अंदर ही राम मंदिर का केस भी जीता, राम मंदिर का शिलान्यास भी किया और भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा करने का कार्य किया भी किया है।** वहीं राहुल गांधी राम मंदिर के नाम से परेशान हैं और राम मंदिर का नाम सुन उनके पेट में दर्द होने लगता है, राहुल गांधी अब तक अयोध्या के राम मंदिर नहीं गए है। **500 वर्षों के इंतजार के बाद, इस दीपावली पहली बार राम लला ने टेंट में नहीं, बल्कि अपने भव्य राम मंदिर में दीपावली मनाई है।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि हेमंत सोरेन झारखंड में घूम-घूम कर सहारा घोटाले को लेकर सवाल उठा रहे हैं, लेकिन भाजपा उनसे और राहुल गांधी से पूछना चाहती है कि **जब सहारा घोटाला हुआ था, तब केंद्र में कांग्रेस और उत्तर प्रदेश में सपा प्रमुख सीएम अखिलेश यादव की सरकार थी और अब हेमंत सोरेन उन दोनों के साथ बैठकर क्या कर रहे हैं?** भारतीय जनता पार्टी का वादा हमेशा पत्थर की लकीर होता है और **भाजपा आश्वस्त करती है कि सहारा कोऑपरेटिव में**

**जिनकी भी मेहनत की कमाई लगी है, उन्हें उनकी पाई-पाई वापस मिलेगी।** आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने गरीबों को घर, पानी, शौचालय, 5 किलो मुफ्त राशन और आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज दिया है। इसके अलावा, 70 वर्ष से ऊपर के सभी वृद्धों के लिए 5 लाख रुपये तक के स्वास्थ्य खर्च की सुविधा भी अब केंद्र सरकार प्रदान करेगी, चाहे वे किसी भी आय वर्ग से हों। गाण्डेय से अगर भाजपा का उम्मीदवार जीतता है, तो झारखंड में सत्ता परिवर्तन सुनिश्चित है।

श्री शाह ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने गरीबों के कल्याण के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। उन्होंने 20 हजार किसानों को किसान सम्मान निधि का चेक प्रदान किया, 4,86,000 बहनों को लखपति दीदी बनाया, जल जीवन मिशन के तहत 34 लाख घरों में पीने का पानी पहुँचाया, 1 करोड़ 22 लाख लोगों को आयुष्मान भारत योजना से मुफ्त स्वास्थ्य सुविधा दी, 2 लाख शौचालय बनवाए, 2 करोड़ 65 लाख लोगों को प्रति माह 5 किलो मुफ्त राशन दिया और 49 लाख माताओं-बहनों को मुफ्त गैस कनेक्शन प्रदान किए। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार गिरिडीह में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का कार्य कर रही थी, लेकिन हेमंत सोरेन की झारखंड सरकार ने इस महत्वपूर्ण परियोजना को रोकने का काम किया है। झारखंड में भाजपा की सरकार बनने के बाद 2 लाख 85 हजार सरकारी नौकरियां दी जाएंगी, बिना किसी खर्च, घूस या सिफारिश के। नियुक्ति पत्र सीधे उम्मीदवार के घर डाकिया द्वारा भेजे जाएंगे, पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और निष्कलंक होगी। NDA की आगामी सरकार किसानों से धान 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदेगी, ताकि उन्हें उचित मूल्य मिल सके और उनके आर्थिक स्थिति में सुधार हो। हेमंत सोरेन के शासन में झारखंड के पांच साल पूरी तरह से बर्बाद हो चुके हैं, भ्रष्टाचार के अलावा उन्होंने कुछ नहीं किया। अब झारखंड की जनता भाजपा पर भरोसा जताए। भारतीय जनता पार्टी झारखंड और झारखंडी दोनों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि हाल ही में **कांग्रेस शासित कर्नाटक में वक्फ बोर्ड ने पूरे गांवों के 500 से अधिक पुराने मंदिरों, किसानों की जमीन और घरों पर अपना दावा किया है। इसके खिलाफ वक्फ संशोधन अधिनियम को लागू किया जाना चाहिए, लेकिन राहुल गांधी और हेमंत सोरेन इसका विरोध कर रहे हैं, मगर भारतीय जनता पार्टी संसद से इस कानून को जरूर पारित करेगी।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सलाह दी है कि कांग्रेस को "केवल वही वादे करने चाहिए, जो पूरे किए जा सकें," क्योंकि **कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना में कांग्रेस ने अपने चुनावी वादों को पूरा नहीं किया।** लेकिन **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जो कहते हैं, वह करते हैं, क्योंकि "मोदी की गारंटी" पत्थर की लकीर की तरह पक्की होती है।** "गोगो दीदी योजना" के अंतर्गत झारखंड में भाजपा की सरकार बनने के **बाद माताओं-बहनों के बैंक खातों में हर महीने 2100 रुपये देगी,** गैस सिलेंडर 500 रुपये में उपलब्ध कराया जाएगा और रक्षाबंधन व दिवाली पर दो अतिरिक्त सिलेंडर प्रदान किए जाएंगे। **भाजपा सरकार बिना किसी पेपर लीक और पूरी पारदर्शिता के साथ 2 लाख 87 हजार पदों पर नौकरियां प्रदान करेगी। हेमंत सोरेन 'बेकारी भत्ता' देने में नाकाम रहे, लेकिन भाजपा की सरकार बेरोजगार युवाओं को 2000 रुपये प्रति माह देगी।** महिलाओं को 50 लाख रुपए तक की संपत्ति खरीदने पर सिर्फ 1 रुपये का स्टांप शुल्क देना होगा। **भाजपा की सरकार बनने पर भ्रष्ट नेताओं के खिलाफ कार्रवाई के लिए एसआईटी का गठन किया जाएगा और उन्हें जेल भेजा जाएगा। घुसपैठ और नक्सलवाद का पूरी तरह से खात्मा किया जाएगा।** गांवों और तालुकों को जोड़ने के लिए 25,000 किलोमीटर नई सड़कें बनाई जाएंगी।

श्री शाह ने कहा कि **जिस तरह एक ट्रांसफार्मर से घरों में बिजली आती है, उसी तरह केंद्र सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने की जिम्मेदारी राज्य सरकार की होती है लेकिन जेएमएम सरकार का ट्रांसफार्मर जल गया है और उसे बदलने की जरूरत है।** इन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए राज्य में भाजपा की सरकार बनानी होगी। भाजपा अगले पांच वर्षों में आतंकवाद, घुसपैठ और नक्सलवाद को समाप्त कर झारखंड को सुरक्षित और समृद्ध बनाएगी। श्री शाह ने जनता से स्थानीय प्रत्याशियों को भारी मतों से विजयी बनाने और झारखंड में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में कमल की डबल इंजन सरकार बनाने की अपील की।

**********************